दीपावली एवं सोमवती अमावस्या मेला पर चाक चौबंद रहे व्यवस्था-डीएम

चित्रकूट। दीपावली मेले और सोमवती अमावस्या के अवसर पर संभावित भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, साधु-संत और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली मेले और सोमवती अमावस्या के कारण जनपद में लगभग ३० से ३५ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करते हुए यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में दर्शन-पूजन तथा परिक्रमा कर सकें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं की व्यवस्था करना सभी संबंधित अधिकारियों एवं विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। मेले की तैयारियों के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मेले के क्षेत्र को ८ जोन और २२ सेक्टरों में बांटकर आवश्यक पुलिस बल तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी हैं। सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए १६ सीओ, २८ एसएचओ, ३२ इंस्पेक्टर और ६ फायर टेंडर तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा ४२ स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे, जबकि १५ पार्किंग स्थल चिह्नित किए गए हैं।

वृद्ध पिता की जमीन बिकवाकर दो लाख रुपये हड़पने का आरोप

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव निवासी संजय मिश्रा ने अपनी सगी बहन और भांजे पर वृद्ध पिता को बहला-फुसलाकर उनकी जमीन बिकवाने और बैंक खाते से २ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित संजय मिश्रा का आरोप है कि केराकत के पठखौली निवासी उनकी बहन मंजू देवी और भांजे विकास ने उनके वृद्ध पिता कृष्ण देव मिश्रा को अपने घर ले जाकर उनकी भूमि का बैनामा करवा लिया। इसके बाद १४ अक्तूबर को पिता के खाते से २ लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए और बैंक में संजय के स्थान पर खुद को नामिनी दर्ज करा दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जमीन विवाद में घायल व्यक्ति की बीएचयू में मौत

शव सड़क पर रख परिजनों ने किया चक्काजाम

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत परसादीपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल राजकुमार गौड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। घटना में अपने पिता को बचाने पहुंचे पुत्र किशन गौड़ भी घायल हुए थे।

पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को जब शव गांव पहुंचा, तो आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने बरइक्ष गेट के पास शव को मुख्य सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। सड़क पर प्रदर्शन शुरू होते ही रतनूपुर-मोढ़ैला मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और आरोपितों के खिलाफ सख्त वैधानिक कारस्वाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह शांत कराया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

दुर्गा पूजा पण्डाल से पांच वर्षीय बच्ची का अपहरण

सई नदी किनारे सरपत के झुरमुट से बरामद

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार रात दुर्गा पूजा पंडाल से घर लौट रही पांच वर्षीय मासूम बालिका का गांव के ही एक युवक ने अपहरण कर लिया। पंडाल से बालिका के अचानक गायब होने पर परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों ने अलग-अलग टीमें बनाकर जंगल व आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात लगभग ११ बजे पुलिस व ग्रामीणों ने सई नदी के किनारे सरपत के झुरमुट में घेराबंदी कर बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। मौके से ही आरोपित युवक को दबोच लिया गया। परिस्थितियों के आधार पर दुष्कर्म के प्रयास की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। परिजनों की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ अपहरण और पाक्सो (इ्ष्ण्एध) एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कारस्वाई की जा रही है।

टायर फटने से बेकाबू हुई कार ट्रक से टकरायी, छः घायल, दो रिफर

चित्रकूट। झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के रैपुरा थाना अंतर्गत देउंधा के पास शनिवार की दोपहर को तेज गति से जा रही कार का टायर फट गया। कार अनियंत्रित होकर पलटी और सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। कार सवार छह लोग घायल हुए। राहगीरों व पुलिस की मदद से एंबुलेंस से सभी को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया। दो महिलाओं की हालत नाजुक होने पर प्रयागराज रिफर किया गया है।

छींबो निवासी आलोक त्रिपाठी (२६) ने बताया कि वह सब कर्वी के शंकर बाजार स्थित घर में रहते हैं। शुक्रवार की सुबह पुत्र के मुंडन संस्कार के लिए वह सब कार से प्रयागराज गये थे। दोपहर को वह सब जब लौट रहे थे तो हाईवे के रैपुरा थाना अंतर्गत देउंधा के पास कार के बाएं तरफ का अगला टायर फट गया। इससे अनियंत्रित कार लहराकर पलटी और कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। कार के अंदर चीख पुकार मच गयी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम पहुंची। सभी ने कार के अंदर से घायल आलोक के अलावा रामबली त्रिपाठी, रेखा त्रिपाठी, अंशू उर्फ पूर्णिमा त्रिपाठी, खुशी त्रिपाठी और दो वर्षीय गुडडू को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। रेखा और पूर्णिमा की हालत नाजुक होने पर प्रयागराज रिफर किया गया है।

गभीरन बाजार चोरी का पर्दाफाश, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के गभीरन बाजार में दुकानों के ताले तोड़कर हुई चोरी का पुलिस ने २४ घंटे के भीतर खुलासा करते हुए शराब ठेके के सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी और गबन के कुल ७५,५०० रुपये बरामद किये हैं। पुलिस के अनुसार, विशाल मौर्य ने गभीरन बाजार स्थित अपनी कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर नकदी चोरी होने की तहरीर दी थी। खुटहन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शाहमऊ-पनौली मुख्य मार्ग से धमौर निवासी शिवम वर्मा को दबोचा। कड़ाई से पूछताछ में आरोपित ने सच उगल दिया। उसने बताया कि वह गभीरन स्थित देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन है। ठेके की बिक्री के ६५,००० रुपये उसने निजी खर्च में उड़ा दिये थे। इस गबन को छिपाने और चोरी का रूप देने के लिए उसने शराब की दुकान और बगल की कपड़े की दुकान का ताला तोड़ा तथा कपड़े की दुकान से भी १०,५०० रुपये चुरा लिए थे। पुलिस ने आरोपित का चालान कर जेल भेज दिया है।

पिंक समाधान दिवस में आयीं ११६ शिकायतें १४ का मौके पर निस्तारण

चित्रकूट। मिशन शक्ति अभियान के तहत तहसील सभागार राजापुर में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में पिंक समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें चकरोड, आवासीय भूमि, विद्युत, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल ११६ शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से १४ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की गंभीरता से जांच कर उनका गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता और शिकायतकर्ताओं से मिलने वाले फीडबैक की समीक्षा की जाती है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए।

डीएम ने आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता से प्राप्त फीडबैक को भी गंभीरता से लिया जाए। न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित उन पत्रावलियों, जिनमें आदेश पारित हो चुके हैं, पर शीघ्र परवाना जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि परवाना जारी करने में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पेशकार अथवा लिपिक के विरुद्ध कारस्वाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने महिला संबंधी शिकायतों और मामलों में विशेष गंभीरता तथा संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों से कहा कि जनशिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया जाए, कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए और आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजापुर पूजा गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महेंद्र कुमार त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर यामीन अहमद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

भूमि विवाद की निष्पक्ष जांच के डीएम ने दिये निर्देश

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परियावां में भूमि विवाद के चलते ३५ वर्षीय दिनेश मौर्य पुत्र त्रिभुवन मौर्य द्वारा आत्मदाह के प्रयास की घटना को बेहद गंभीरता से लिया है।

डीएम ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। जिलाधिकारी ने बताया कि दिनेश मौर्य को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। पीड़ित लगभग ४० प्रतिशत झुलसा है, लेकिन वर्तमान में खतरे से बाहर है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता प्रयागराज वृत्त, लो.नि.वि., प्रयागराज

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक : 6353/10काम0ए0/प्र0सवृ0/2026 दिनांक : 05.10.2026

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज द्वारा 30प्र0 लो0नि0वि0 में क्लास ए.बी.एवं सी. में सुसंगत श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2. आमंत्रित निविदा की सूचना

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह)	कार्यदायी अधिशासी अभियन्ता के खण्ड का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
निर्माण कार्य (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
1	प्रया0	करारी भदौली अनु0 बस्ती सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	146.61	9.33	2000+300/-+GST	6 माह	अधिशासी अभियन्ता नि0खं0-4 (कु0मे0) लो0नि0वि0 प्रयागराज	अधीक्षण अभियन्ता प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0 प्रयागराज	मुख्य अभियन्ता प्रयागराज क्षेत्र, लो0नि0वि0 प्रयागराज	जिलाधिकारी प्रयागराज
2	प्रया0	जराही सम्पर्क मार्ग से पूरे गड़ेरिया (नहर की पटरी) प्यारेलाल के खेत तक सम्पर्क मार्ग।	142.20	9.11	2000+300/-+GST	6 माह				
3	प्रया0	ग्राम सभा देवकली के बाबा भीटेश्वर नाथ महादेव सेवा संस्थान से पट्टी कृष्ण उर्फ कठार होते हुए कतवारूपुर रोड सराय चाचक तक मार्ग का निर्माण कार्य।	128.64	8.43	2000+300/-+GST	6 माह				
4	प्रया0	गौहानी अनु0सूचित बस्ती, पाल बस्ती से महपूरा (प्राथमिक विद्यालय होते हुए अंत्येष्टि स्थल तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	125.02	8.25	2000+300/-+GST	6 माह				
5	प्रया0	तिलई से फिरोजपुर (रजवापुर) सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	124.85	8.24	2000+300/-+GST	6 माह				
6	प्रया0	सोपराबारी में पंचायत भवन से हाइवे सर्विस लेन तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	116.03	7.80	2000+300/-+GST	6 माह				
7	प्रया0	लहटी, करनाईपुर अ0जि0मा0 से छाता रेवारी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	111.81	7.59	2000+300/-+GST	6 माह				
8	प्रया0	यूएफए रोड से सुजानीपुर (टिकरी तालुका अब्दालपुर) रोड का निर्माण कार्य।	101.18	7.06	2000+300/-+GST	6 माह				
9	प्रया0	अरई पाल बस्ती सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	94.03	6.70	2000+300/-+GST	3 माह				
10	प्रया0	ओहेवी सम्पर्क मार्ग से विक्रमजीत सिंह इण्टर कालेज जराही होते हुए पटेल बस्ती व हरिजन बस्ती गोढ़री सम्पर्क मार्ग।	93.65	6.68	2000+300/-+GST	3 माह				
11	प्रया0	किरांव जाम्हा कहली दोनईया (कहली) से प्रा0वि0 तेजपुर होते हुए पटेल बस्ती सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	91.96	6.60	2000+300/-+GST	3 माह				
12	प्रया0	सुदनीपुर खुर्द से पंचायत भवन व आंगनबाड़ी केन्द्र होते हुए ग्राम मुरार पट्टी पक्की सड़क तक मार्ग का निर्माण कार्य।	86.88	6.34	2000+300/-+GST	3 माह				
13	प्रया0	पट्टीधौना उर्फ लालापुर (छोटका फुलहां) में शिव मंदिर से सरकारी ट्यूबवेल होते हुए जी0टी0रोड तक सम्पर्क मार्ग।	82.07	6.10	2000+300/-+GST	3 माह				
14	प्रया0	हरिसेनगंज जमखुरी रोड पंचायत भवन से (कुर्मियान) लिंक रोड का निर्माण कार्य।	81.07	6.05	2000+300/-+GST	3 माह				
15	प्रया0	सिलोखरा खास से वीरभानपुर तक मार्ग का नव निर्माण कार्य।	74.36	5.72	2000+300/-+GST	3 माह				
16	प्रया0	जी0टी0मार्ग 229 से हिगवां तालाब बस्ती राम-नाथपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	71.36	5.57	2000+300/-+GST	3 माह				
17	प्रया0	भावापुर पुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	69.66	5.48	2000+300/-+GST	3 माह				

3. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें (NIT) तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स (T2) आन लाइन देखे जा सकते हैं। टेण्डर से सम्बन्धित दस्तावेजों में दिये गये दिशा निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें एवं जिनका अनुपालन करना आवश्यक है।

4. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 26/10/2026 से 05/11/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक 05/11/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 05/11/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। प्रमाणित किया जाता है कि निविदा को चेक कर लिया गया है और वह सही है।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-4, (कु0मे0) लो0नि0वि0 प्रयागराज

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है। upid no.258458 Date : 16.10.2026

अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0 प्रयागराज

वालीबाल चयन-ट्रायल अब २१ को

मण्डल स्तरीय सीनियर पुरुष वालीबाल चयन-ट्रायल जो शनिवार को अपरान्ह तीन बजे आयोजित होना निर्धारित था, अपरिहार्य कारणों से २१ अक्तूबर की शाम चार बजे अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी के अनुसार इसलिए प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ के सभी संबंधित खेल अधिकारियों एवं खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि वह उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी-अपनी जनपदीय टीम के खिलाड़ियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

प्रयागराज खेल


डीके-साजिदके दमपर न्यू समर्थ हास्पिटलकी जीत

सीएवी इंटर कालेज के मैदान पे खेले गए शनिवार के मैच में डीके यादव के शानदार नाबाद शतक (१०५ रन ५३ बॉल २० चौका २ छक्का) और साजिद अख्तर के पंजे (१७/५) की बदलौत न्यू समर्थ हास्पिटल ने अल्फ़ा पाहल क्लब को ५४ रन से हराया। बल्लेबाजी करते हुए न्यू समर्थ हास्पिटल ने निर्धारित २० ओवर में मात्र २ विकेट खोकर २५१ रन बनाये। डीके यादव के शतक के आलावा कप्तान डॉक्टर मनोज ने २५ बाल पर ४४ रन, साजिद अख्तर २६, अलोक यादव १९, अमन ११ रन बनाये। अल्फा क्लब की तरफ से अर्पित खन्ना ने २ विकेट लिए। जवाब में उतरी अल्फा क्लब ने सभी विकेट खोकर १९७ रन ही बना सकी। अविनाश यादव ने २८ बाल पर ६० रन, नमन राजवंशी २५, तुषार और वेंदक सिंह २२-२२ रन, अमज़द खान २० रन का योगदान दिया। न्यू समर्थ हास्पिटल की तरफ से साजिद अख्तर ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र १७ रन देकर ५ विकेट लिए इसके आलावा अक्षत सिंह २ विकेट, डॉक्टर मनोज, अलोक यादव और आस्तिक दुबे ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। डीके यादव को नाबाद शतक के लिए बेस्ट बैट्समेन और साजिद अख्तर को बेस्ट बालर चुना गया।



रायल क्लबने सुपर ओवरमें दर्जकी जीत

केएस स्पोर्ट्स ३० पूस टी-२० क्रिकेट प्रतियोगिता में रायल क्लब और आपरेटिंग राइजिंग स्टार्स के बीच रोमांचक मुकाबला टाई रहा। इसके बाद सुपर ओवर में रायल क्लब ने जीत दर्ज की। भानु प्रताप सिंह क्लब मैदान पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आपरेटिंग राइजिंग स्टार्स ने २० ओवर में सात विकेट पर १४८ रन बनाए। अरुण सिंह ने २१ गेंदों पर चार चौके और चार छक्कों की मदद से ५१ रन की तेजतर्रार पारी खेली। अब्दुल बारी अंसारी ने नाबाद ३१ और अर्पित केसरवानी ने २२ रन बनाए। रायल क्रिकेट क्लब की ओर से शिब्बू मिश्र ने सात रन देकर तीन विकेट लिए। राम शाक्य, मणिक चंद्र, अरुण सिंह और महेंद्र गुप्ता ने दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में रायल क्लब की टीम भी २० ओवर में १४८ रन पर सिमट गई। मनीष सिंह ने ४७ रन, राहुल ने नाबाद २६ और अर्जित कुमार त्रिवेदी ने २९ रन बनाए। ऑपरेटिंग राइजिंग स्टार्स की ओर से राम शाक्य, मणिक चंद्र, अरुण सिंह और महेंद्र गुप्ता ने दो-दो विकेट लिए। मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर खेला गया। इसमें रायल क्लब ने १२ रन बनाए, जबकि आपरेटिंग राइजिंग स्टार्स की टीम ११ रन ही बना सकी। शिब्बू मिश्र को मैन आफ द मैच चुना गया।



असद कासिम मेमोरियल अंडर-१६ क्रिकेट आजसे

पूर्व रणजी क्रिकेटर सैयद असद कासिम मेमोरियल अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार से मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज के मैदान पर शुरु होगी। उद्घाटन मुकाबला रेलगांव क्लब और एमआईसी (बी) के बीच सुबह नौ बजे से शुरू होगा। आयोजन सचिव शमशाद अहमद (चंदू) ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक फरहान उल्ला करेंगे। इसमें इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन से सम्बद्ध आठ टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक गौहर काजमी हैं, जबकि महासचिव की जिम्मेदारी शाहिद अस्करी संभाल रहे हैं।

आतिफके दमपर इलाहाबाद पश्चिम बना नीलम करवरिया कप चैम्पियन



नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में इलाहाबाद पश्चिम विधानसभा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फूलपुर विधानसभा को सात विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। इलाहाबाद पश्चिम की जीत के नायक आतिफ साजिद रहे, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। आतिफ ने २५ गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद ४५ रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए ३.२ ओवर में महज १० रन देकर तीन विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फूलपुर विधानसभा की टीम इलाहाबाद पश्चिम के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और १८.२ ओवर में ११८ रन बनाकर ऑलआउट हो गई। फूलपुर की ओर से देवांश पाठक ने ४३ और जितेंद्र यादव ने १७ रन बनाए। इलाहाबाद पश्चिम की ओर से आतिफ साजिद ने तीन विकेट लिए, जबकि मो. तैमूर और देव प्रकाश सिंह ने दो-दो विकेट हासिल किए। आदित्य राज तिवारी को एक विकेट मिला।११९ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलाहाबाद पश्चिम की टीम ने १६.२ ओवर में तीन विकेट खोकर विजय लक्ष्य प्राप्त कर लिया और सात विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। आतिफ साजिद ४५ रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सागर शर्मा ने २७ और मो. तैमूर ने नाबाद २६ रनों की पारी खेली। फूलपुर की ओर से अभिनव तिवारी ने दो विकेट हासिल किए। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए आतिफ साजिद को प्लेयर आफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। सागर शर्मा को बेस्ट बैटर, मो. तैमूर को बेस्ट बालर और अमितेश शुक्ला को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार दिया गया। शेष नारायण करवरिया, वैभव करवरिया, संदीप करवरिया, गौरव करवरिया, समृद्धि करवरिया, मीनाक्षी करवरिया, गौतम करवरिया व सुयश शर्मा ने विशेष पुरस्कार वितरित किए। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने अतिथियों का स्वागत किया व आभार जताया। उन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सदस्यों को सम्मानित भी किया। फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों को कुल दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो.नि.वि., प्रयागराज

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

पत्रांक : 6558/10काम.पी.-प्रया.वृ./2026 दिनांक : 13.10.2026

1- महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से लोक निर्माण विभाग, 30प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जी.एस.टी. रहित	धरोहर धनराशि (लाख) में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्यांशा में)							
1	प्रयागराज	मेजा कोडहारघाट खीरी मार्ग पर लालतारा सुजनी बिसौरा पालपटटी मार्ग	283.00	16.15	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए
2	प्रयागराज	मेजा कोडहारघाट खीरी मार्ग	271.00	15.55	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए
3	प्रयागराज	गंगोत्री नगर से अन्य मार्ग।	236.00	13.80	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए
4	प्रयागराज	भगेसर देलही अमहा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत एवं रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य।	235.00	13.75	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए
5	प्रयागराज	भीरपुर से पनासा सम्पर्क मार्ग पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य।	213.00	12.65	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए
6	प्रयागराज	रत्योरा भगेसर मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	175.00	10.75	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
7	प्रयागराज	बांसघाट सम्पर्क मार्ग।	157.00	9.85	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए बी
8	प्रयागराज	मझिगवां सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	146.00	9.30	2714.00	5 माह ए. बी	मार्ग कार्य
9	प्रयागराज	पसना बहियारी मार्ग	130.00	8.50	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
10	प्रयागराज	वी0पी0 मार्ग से सेमरीबाघ राय सम्पर्क मार्ग	130.00	8.50	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
11	प्रयागराज	बड़ोखर से मानपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	127.00	8.35	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
12	प्रयागराज	दिघिया से ढिलिया होते हुए मिश्रपुर मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	119.00	7.95	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
13	प्रयागराज	डाण्डी से हरिजन बस्ती (विद्यानगर आवास योजना) सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य	113.00	7.65	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
14	प्रयागराज	लेयारी मंडी तिराहे से सरस्वती शिशु मंदिर तक मार्ग	110.00	7.50	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
15	प्रयागराज	करछना गोहनिया मार्ग	110.00	7.50	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
16	प्रयागराज	बी0पी रोड से बहराइचा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	110.00	7.50	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
17	प्रयागराज	शाहपुर नेवादा सम्पर्क मार्ग	106.00	7.30	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
18	प्रयागराज	एम0 के0के0 मेदरहा मार्ग	102.00	7.10	2714.00	5 माह	मार्ग कार्य ए. बी
19	प्रयागराज	मेजा कोहडाहार घाट खीरी से ममोली सम्पर्क मार्ग	99.00	6.95	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
20	प्रयागराज	रत्योरा बड़ोखर से भगतपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	98.00	6.90	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
21	प्रयागराज	चिरौंव से बड़ोखर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	97.00	6.85	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
22	प्रयागराज	महात्मा गांधी मार्ग	93.00	6.65	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
23	प्रयागराज	के 0डी0डी0 मार्ग से ओबरी वाया सुहास	92.00	6.60	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
24	प्रयागराज	कटका से मेड़रा सम्पर्क मार्ग पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य।	89.00	6.45	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
25	प्रयागराज	कोहड़ार कोरांव ड्रमण्डगंज मार्ग के किमी.-016 से दांये शमलीपुर सेमरिया सम्पर्क मार्ग का विशेष	89.00	6.45	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
26	प्रयागराज	शिवपुर से कोलान बस्ती रोड	80.00	6.00	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
27	प्रयागराज	जनपद इलाहाबाद में अलोपी मन्दिर से बैरहना चैराहे तक फ्लाई ओवर	80.00	6.00	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
28	प्रयागराज	लाउदर मार्ग	79.00	5.95	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए बी
29	प्रयागराज	नीवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	77.00	5.85	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी
30	प्रयागराज	दोहता हाटा कि0मी0 3 से निश्चिंतपुर सम्पर्क मार्ग का	71.00	5.55	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
31	प्रयागराज	बी0पी0 मार्ग किमी0-37 से दांये बिरहा सोसाइटी से सागर का होते हुए चांदी नहर पुलिया तक सम्पर्क मार्ग	69.00	5.45	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
32	प्रयागराज	पथरा सम्पर्क मार्ग से जतहरा चमार बस्ती में छोटे के घर तक सम्पर्क मार्ग	68.00	5.40	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
33	प्रयागराज	महली बाजार से पियरी पटेल बस्ती लिंक रोड का विशेष मरम्मत का कार्य।	66.00	5.30	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
34	प्रयागराज	भण्डा भीरपुर लक्टहाघाट मार्ग से शहीद लालमणि सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य।	65.00	5.25	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
35	प्रयागराज	वेन्दो भिटरिया से रवनिका सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	57.00	4.85	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
36	प्रयागराज	माण्डा बरौंधा मार्ग से भोसरा जागीर मार्ग का विशेष मरम्मत	54.00	4.70	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
37	प्रयागराज	देवघाट ड्रमण्डगंज मार्ग कि.मी से बाये राज-मड़ी पाल के घर होते हुए पक्का तालाब सिया राम धोबी के घर तक सम्पर्क मार्ग का विशेष	54.00	4.70	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
38	प्रयागराज	भरारी से रामगढ़वा लिंक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	54.00	4.70	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
39	प्रयागराज	के.के.डी. मार्ग कि0मी0 36 से दायें राजपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष	54.00	4.70	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
40	प्रयागराज	के.के.डी.किमी0 18 से बाये सेमरिहा सम्पर्क मार्ग का विशेष	54.00	4.70	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
41	प्रयागराज	अमलिया मोड़ से पूरा खेतर पलिया सम्पर्क मार्ग	53.00	4.65	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
42	प्रयागराज	कोड़हार कोरांव मार्ग से शमलीपुर घेसकाही बहिनारी मार्ग एवं लघु	52.00	4.60	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
43	प्रयागराज	बारा पोखरी से एमपी बॉर्डर तक मार्ग	49.00	4.45	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
44	प्रयागराज	कटरी से महली बाजार लिंक रोड के विशेष मरम्मत का कार्य।	48.00	4.40	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
45	प्रयागराज	दोहता हाटा मार्ग के किमी0 11 से मेहा जागीर (यादव बस्ती) सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	46.00	4.30	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
46	प्रयागराज	कैथवल मुख्य कटनहवा लिंक मार्ग	45.00	4.25	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
47	प्रयागराज	एस0एम0के0 कि0मी0 08 से लूलर भईया के कि0मी0 12 से दाहिने श्याम नगर पाल बस्ती से भईया	43.00	4.15	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
48	प्रयागराज	गोबरा टंकी से चौबन टोला मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	43.00	4.15	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी. सी
49	प्रयागराज	मेजा कोहडाहार घाट खीरी से इसौटा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य	43.00	4.15	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी. सी
50	प्रयागराज	खेदूपुर सम्पर्क मार्ग	41.00	4.05	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी, सी
51	प्रयागराज	ग्राम खेड़आ से रासिद टिकरी होते हए पीपलगाँव असरावल सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	41.00	4.05	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी. सी
52	प्रयागराज	गंगानगर नसीबपुर बख्तियारा गली नं0 से डा0 महेन्द्र कुमार के मकान तक मार्ग का निर्माण।	39.00	3.90	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए. बी,सी, डी
53	प्रयागराज	वितनीपुर गेदांलाल कोल के घर से विध्यवासिनी मिश्रा के घर तक सम्पर्क मार्ग	39.00	3.90	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए.बी. सी. डी
54	प्रयागराज	नीबी से थैकार बस्ती होते हुए उसरी नहर तक सम्पर्क मार्ग	38.00	3.80	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए.बी. सी. डी
55	प्रयागराज	बी0पी0 मार्ग से कुरहरा कुदर सम्पर्क मार्ग	37.00	3.70	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए.बी, सी, डी
56	प्रयागराज	मेजा माण्डा मार्ग के किमी0 05 से गन्ने सम्पर्क मार्ग के विशेष	37.00	3.70	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए.बी, सी, डी
57	प्रयागराज	वेन्दो सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	36.00	3.60	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए.बी, सी, डी
58	प्रयागराज	डीही खुर्द सम्पर्क मार्ग	35.00	3.50	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए,बी, सी, डी
59	प्रयागराज	सेमरिया सम्पर्क मार्ग के किमी0-1 से दांये सेमरिया मुस्लिम बस्ती	35.00	3.50	2714.00	2 माह	मार्ग कार्य ए.बी, सी, डी

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.10.2026 से 03.11.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक उपलब्ध है जो दिनांक 03.11.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 03.11.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा विवरण ई-टेन्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है तथा साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी पोर्टल पर भी अपलोड करना होगा।

(पी0के0 राय) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0 प्रयागराज

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है। upid no.258451 Date : 16.10.2026

(नरेश कुमार) अधीक्षण अभियन्ता प्रयागराज वृत्त, लो.नि.वि. प्रयागराज